अजमेर की होटल में भीषण अग्निकांड

बच्चे सहित चार लोगों की दर्दनाक मौत, चार गंभीर झुलसे जायरीन अस्पताल में भर्ती

मुख्यमंत्री, विस अध्यक्ष, कांग्रेस व आरटीडीसी पूर्व अध्यक्ष ने घटना पर जताया शोक

अजमेर. कंचन केसरी

अजमेर के डिग्गी क्षेत्र में उस समय भूचाल आ गया, जब एक होटल नाज में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई। आग ने इतना तांडव मचाया कि पांच मंजिला होटल को अपने चपेट में ले लिया। भीषण आग की चपेट में आने से एक बच्चे सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि जबकि डेढ़ साल के एक बच्चे सहित 4 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। आग से बचने के लिए एक मां ने अपने डेढ़ साल के बच्चे को खिड़की से नीचे फेंक दिया,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी का उपचार जेएलएन अस्पताल में जारी है। वहीं मौके पर पहुंची दमकल की गाडियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंचे डीआईजी अजमेर रेंज ओम प्रकाश व जिला कलेक्टर लोक बंधु ने स्थिति का जायजा लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इस घटना पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, विधायक अनिता भदेल, आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन धर्मेन्द्र राठौड़ ने शोक जताया है।

लीज पर ली थी होटल

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुखाड़िया नगर निवासी नरेश तिलोकानी से डिग्गी बाजार स्थित होटल नाज को लीज यानी ठेके पर अजय नगर निवासी राजेंद्र ने ली थी। गुरुवार सुबह 8 होटल में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई और कुछ ही मिनटों में आग ने तांडव मचाते हुए पांचवीं मंजिल तक विकराल रूप धारण कर लिया। होटल में उस वक्त करीब 10 कमरे बुक थे, जिनमें ज्यादातर जायरीन ठहरे हुए थे। आग की तेज लपटों और धुएं के कारण कई लोग फंस गए, जिन्हें चौथी और पांचवीं मंजिल से नीचे कूदते देखा गया।

चार की मौत, चार गंभीर का इलाज जारी

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि डिग्गी चौक की होटल नाज में गुरुवार को प्रातः आग लग गई। इसकी सूचना मिलते ही प्रशासन, पुलिस तथा बचाव दल तत्काल मौके पर पहुंचे। वहां तत्परता के साथ राहत एवं बचाव कार्य आरम्भ किया। इनके अतिरिक्त सूचना पर अग्निशमन दस्ता वाहन, सिविल डिफेंस टीम तथा एस डी आर एफ टीम भी तत्काल मौके पर पहुंचे। डिग्गी चौक के पास स्थित पांच मंजिला होटल नाज के 11 कमरों में करीब 21-22 लोग ठहरे हुए थे, जिन्हें रेस्क्यू किया गया। इनमें से 9 घायल व्यक्तियों को जेएलएन अस्पताल में एवं 2 घायल व्यक्तियों को रेस्क्यू कर मित्तल अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि मृतकों में महेंद्र उर्फ मोहम्मद जाहिद (नई दिल्ली), अल्फेज (अमरेली गुजरात), शबनम (अमरेली गुजरात) तथा अरमान (अमरेली गुजरात) है। जेएलएन चिकित्सालय में धवल (भावनगर गुजरात), अल्का (भावनगर गुजरात), इब्राहिम (नई दिल्ली) तथा रहाना (नई दिल्ली) एवं मित्तल अस्पताल में मोहम्मद अफजल (काजी पेठ) तथा मोहम्मद नुमान खान (वारंगल आंध्र प्रदेश) का उपचार किया जा रहा है। बचाव कार्य के दौरान दमकलकर्मी कृष्णा की तबीयत बिगड़ने के कारण चिकित्सालय में उपचार किया गया।

अस्पताल में उपचार जारी

जेएलएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया ने बताया कि गंभीर झुलसे अस्पताल में पहुंचे आठ लोगों में से चार की मौत हो गई, जबकि बाकी 4 की हालत गंभीर बनी हुई। एक व्यक्ति 90 प्रतिशत तक झुलस चुका है,जबकि बाकी तीन 60 से 70 प्रतिशत तक झुलसे हैं, उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष व आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष ने जताया शोक: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि अजमेर के निजी होटल में आग लगने की घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ है। घायलों को हर संभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन को उचित निर्देश दिए गए हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है इस हादसे में दिवंगत जनों की आत्मा को शांति व घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भी घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की ओर से मृतकों और गंभीर घायलों की हर संभव मदद के प्रयास किए जाएंगे। घायलों को बेहतर उपचार मिले इसके लिए अस्पताल प्रशासन को दिशा निर्देश दिए हैं। इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसकी समीक्षा की जाएगी। आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन धर्मेन्द्र राठौड़ आगजनी के मृतकों और घायलों के प्रति गहरा दुख जताया और उनके प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की। राठौड़ ने बताया कि होटल में हुई आगजनी की घटना दिल को झकझोर देने वाली है, इस घटना के संबंध में मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. अनिल कुमार सामरिया व जिला कलेक्टर लोक बंधु से बातचीत कर मृतकों और घायलों के बारे में जानकारी ली है। घायलों को बेहतर इलाज किए जाने की बात कही। साथ ही जिला प्रशासन व राज्य सरकार से मृतकों और घायलों को उचित मुआवजा देने की मांग, ताकि पीड़ितों के परिजन को राहत मिल सके। आगजनी की उच्च स्तरीय जांचकर दोषी व जिम्मेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

होटल की पूरी बिल्डिंग जली

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुबह 8 बजे होटल के ग्राउंड फ्लोर पर शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। यह आग पहले मीटर बॉक्स और वायरिंग तक सीमित रही, लेकिन कुछ ही मिनटों में वहां रखे फर्नीचर और पीओपी की छत में फैल गई। देखते ही देखते आग ने पूरे होटल को अपनी गिरफ्त में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि महज आधे घंटे में होटल की पांचवीं मंजिल तक पहुंच गई।

बच्चे को खिड़की से फेंका नीचे

आग लगने से होटल में ठहरे दर्जनों पर्यटक और जायरीन में अफरा-तफरी में मच गई और इधर-उधर भागने लगे। हादसे में मारे गए जाहिद की पत्नी रेहाना ने बताया कि वह अपने पति और बच्चे इब्राहिम के साथ दिल्ली से रात 2 बजे अजमेर पहुंचे थे और होटल नाज में कमरा बुक किया था, सुबह अचानक होटल में तेज आवाज आने लगी, लोग चिल्ला रहे थे। कुछ समझ नहीं आ रहा था। तेज धुएं से सांस लेना मुश्किल हो रहा था। कुछ ही देर में आग चौथी मंजिल तक पहुंच गई। आनन-फानन में जाहिद ने खिडकी से गद्दा नीचे फेंका और नीचे खड़े लोगों से कहा कि इसे पकड़े और उन्होंने डेढ़ साल के इब्राहिम को चौथी मंजिल से नीचे फेंक दिया। साथ ही जाहिद भी नीचे कूद गया, लेकिन उनकी मौके पर ही मौत हो गई। रेहाना ने बताया कि वह बिजली के तार पर लटक गई थी जिससे उनकी जान बच गई।

डीआईजी और कलेक्टर ने लिया स्थिति का जायजा

अजमेर रेंज डीआईजी ओमप्रकाश और जिला कलेक्टर लोक बुंध ने मौके पहुंचकर घटना स्थल के हालातों का जायजा लिया, इसके बाद जेएलएन अस्पताल में भर्ती घायलों से मुलाकात कर अस्पताल प्रशासन को उपचार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

होटल के अवैध निर्माण पर उठे सवाल

होटल नाज जैसे बहुमंजिला होटल तंग गलियों में बिना फायर सुरक्षा मानकों के संचालित हो रहे हैं। नगर निगम द्वारा समय-समय पर फायर एनओसी की जांच न करना और अवैध निर्माण पर आंखें मूंद लेना इस दुर्घटना के लिए जिम्मेदार हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि डिग्गी बाजार जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र में बहुमंजिला इमारतें बगैर पर्याप्त अग्निशमन इंतजामों के बनी हुई हैं, जो भविष्य में और भी बड़े हादसों को जन्म दे सकती हैं।

इनका कहना है

डिग्गी बाजार स्थित एक होटल में सुबह 8 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर सभी विभागों के अधिकारी पहुंचे और राहत कार्य जारी है, हादसे में चार लोगों की मौत हुई है, जबकि अन्य चार घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। विभागीय जांच जारी है।

-ओमप्रकाश, डीआईजी अजमेर रेंज।

हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर अग्निशमन विभाग, एस डी आर एफ सहित अन्य टीमें पहुंच गई थी। होटल में कुल लोग धुएं और आग से झुलस कर जख्मी हुई है। चार लोगों की मौत हुई है, जिसमें एक बालक भी है। घायलों का उपचार जारी है, मामले की जांच की जाएगी।

-लोकबंधु, जिला कलेक्टर अजमेर

एक नजर

सोमलपुर से हज पर जाने वाले हाजियों का स्वागत

अजमेर. कासं। ब्यावर रोड चंदबरदाई नगर स्थित सोमलपुर से हज पर जाने वाले हाजियों का गुरुवार को कांग्रेसी नेता हाजी इंसाफ अली ने माला पहनाकर इस्कबाल किया। सोमलपुर से हाजी नीरा खान व उनकी पत्नी जमीला बीबी और हाजी निजाम खान गुरुवार सुबह हज के लिए रवाना हुए। इस दौरान स्थानीय मौलाना हाजी इरफान मुफ्ती, हाजी अल्लादिन, पूर्व सरपंच कालू खान, आसिफ अली दौराई, साबा खान, सलीम खान, आरिफ खान, अशरफ अहमद सहित स्थानीय लोगों ने हाजियों का माला पहनाकर हज के मुकद्दास सफर पर जाने के लिए रवाना किया।

शेखावाटी यूनिवर्सिटी में पानी को लेकर प्रदर्शन

सीकर. कासं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी यूनिवर्सिटी में पीने के पानी की कमी ने व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। भीषण गर्मी के बीच छात्रों को स्वच्छ पेयजल न मिलने से नाराजगी बढ़ गई। छात्र संघर्ष समिति ने पानी की किल्लत को लेकर यूनिवर्सिटी के मुख्य प्रशासनिक भवन का घेराव किया। छात्र नेता युवराज सिंह मंगावा ने कहा- यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से समय पर पानी की व्यवस्था न कर पाने की शिकायतें पहले भी सामने आ चुकी हैं। गर्मी के मौसम में पानी की कमी छात्रों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। यूनिवर्सिटी में बुनियादी सुविधाओं का अभाव छात्रों की पढ़ाई और स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। इस घटना के बाद प्रशासन ने आनन-फानन में पानी की व्यवस्था तो की, लेकिन छात्रों ने मांग की है कि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने। युवराज सिंह मंगावा ने कहा- हम छात्रों के हितों के लिए हमेशा लड़ते रहेंगे। प्रशासन को चाहिए कि वह बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान दे। इस मौके पर राजेश काजला, हितेश ढाका, मुकेश तारपुरा, अभिषेक गढ़वाल, पवन, दिनेश महरिया, रवि कुमार, करण सैनी, अभिनव, राकेश, अशोक पिपराली, शुभम, महेंद्र भड़ाना सहित अनेक छात्र मौजूद रहे।

सीकर कलेक्ट्रेट पर ढोल बजाकर पहुंचे वकील

सीकर. कासं। सीकर संभाग और नीमकाथाना जिला बहाल करने की मांग को लेकर अभिभाषक संघ, सीकर के वकीलों का धरना-प्रदर्शन 63वें दिन भी जारी रहा। वकीलों ने गुरुवार को अनोखे अंदाज में विरोध जताते हुए सीकर कलेक्ट्रेट पर 'ढोल बजाओ प्रदर्शन' किया। ढोल-नगाड़ों की थाप के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे वकीलों ने कहा- यह प्रदर्शन 'गूंगी-बहरी' भाजपा सरकार को जगाने का प्रयास है।अभिभाषक संघ के अध्यक्ष भगीरथ जाखड़ ने कहा- पिछले 63 दिनों से वे लगातार सीकर संभाग और नीमकाथाना जिले की बहाली की मांग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही। मुख्यमंत्री ने बातचीत के लिए समय देने का वादा किया था, लेकिन अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई।

जिला कलेक्टर ने सिलोरा में लगाई रात्रि चौपाल

ग्रामीणों की सुनी समस्याएं, दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

क्षेत्र में किया रात्रि विश्राम

अजमेर. कंचन केसरी

जिला कलेक्टर लोक बन्धु ने गुरुवार को सिलोरा में रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। चौपाल में कुल 25 परिवाद प्राप्त हुए। जिला कलेक्टर ने क्षेत्र में ही रात्रि विश्राम किया। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने बिजली, पानी, सडक, स्वास्थ्य, शिक्षा, राशन वितरण एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को जिला कलक्टर के समक्ष रखा। जिला कलेक्टर ने सभी परिवेदनाओं को गंभीरता से सुना और प्रत्येक समस्या पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर लोकबंधु ने चौपाल में अतिक्रमण, पेयजल, सडक निर्माण, रास्ता खुलवाने, नाला बनाने तथा जल निकासी जैसी जन समस्याओं की सुनवाई की गई। उदयपुर खुर्द आंगनबाड़ी केंद्र के पास सफाई करने तथा आंगनबाड़ी केंद्र की मरम्मत करने के निर्देश दिए गए। बड़ागांव के छोटू बैरवा के खेत पर जाने के रास्ते से नियमानुसार अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया। सिलोरा में पीतांबर रास्ते की पुलिया पर से व्यवस्थित जल निकासी सुनिश्चित की जाएगी। सरगांव रोड मालियों की ढाणी में स्थित सार्वजनिक दलों में टोंटी लगाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों की समस्याओं का समाधान करना शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ग्राम पंचायतों में नियमित रूप से दौरे करें और जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी सुनिश्चित करें। चौपाल में सरपंच राज किशोर माली, उपखंड अधिकारी निशा सारण, विकास अधिकारी रेखा मीणा, अजमेर विकास प्राधिकरण के खेमराज यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ज्योत्सना रंगा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, विद्युत, चिकित्सा, शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने किया विशाल रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन

जयपुर. कंचन केसरी

महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान द्वारा 3 मई 2025 को संस्थान के मुख्य संरक्षक अशोक गहलोत पूर्व मुख्यमंत्री राजस्थान के 74वें जन्मदिवस के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किया एवं आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की गई। संस्थान के महामंत्री पूनमचंद कछावाह ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान मानव सेवा को मद्देनजर रखते हुए प्रति वर्ष रक्तदान शिविर आयोजित करती आ रही है। शिविर के संयोजक धनराज सिंगोदिया ने कहा कि शिविर को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है जो इस शिविर का हिस्सा बन रहे हैं तथा शिविर में काफी संख्या में लोग भाग लेंगे। पोस्टर विमोचन के अवसर पर रुपेश चंदेल, विकास यादव, अनिल यादव मंगल सिंह सैनी अधिवक्ता, अंजू सैनी, सोहन सैनी , रविकान्त इन्दोपिया जयपुर शहर अध्यक्ष,सुनील सैनी एडवोकेट, महेश सैनी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

उदयपुर में बैठकर कनाड़ा के लोगों को ठगने वाले गिरफ्तार

फर्जी कॉल सेंटर से 31 युवक और 10 युवतियों को पकड़ा, सभी बाहरी राज्यों के रहने वाले

उदयपुर. कासं। उदयपुर में फर्जी कॉल सेंटर की आड़ में ऑनलाइन ठगी करने वाले 31 युवक और 10 युवतियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ऑनलाइन शॉपिंग एप अमेजन के नाम से बैंक के फर्जी प्रतिनिधि बनकर कनाड़ा देश के ग्राहकों से ठगी करते थे। सभी आरोपी असम, दिल्ली, मणीपुर, मेघायल, अहमदाबाद, नागालैंड सहित बाहरी राज्यों के हैं। सवीना थानाधिकारी अजयसिंह राव ने बताया- आरोपी शहर के डाकनकोटड़ा स्थित सफायर होटल में वन-वे टेक्नोलॉजी के नाम से फर्जी कॉल सेंटर चला रहे थे। आरोपियों से 30 लेपटॉप मय 29 हैंडफोन माइक और 25 लेपटॉप चार्जर सहित कुल 48 मोबाइल जब्त किए हैं।

अधिशाषी अभियन्ता,
जन स्वा.अभि.विभाग,जिला ग्रामीण खण्ड-II जयपुर

कमांक :. अ.अ./ जिला खण्ड-II /2025-26/ 506-519 दिनांक : 09-04-25

निविदा सूचना संख्या 04/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला ग्रामीण खण्ड II, जयपुर के अधीन विभिन्न जल योजनाओं पर स्वीकृत निर्माण, कार्य मय मेटेरियल के निविदा सूचना संख्या 04/2025-26 का राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों को ई-प्रोक्यूमेन्ट के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है।

उक्त सभी निविदाओं से संबंधित विस्तृत विवरण वैबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.dipr.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। उपरोक्त निविदाओं का प्रकाशन sppp.rajasthan.gov.in निम्नानुसार कर दिया गया है:-

क्र. सं.	आई. डी. नम्बर	अपलोड की दिनांक
4.1	UBNPHE2526WSOB00951	11.04.2025
4.2	UBNPHE2526WSOB00952	11.04.2025

समाचार पत्र में विज्ञापन हेतु

(हिंमाशु भील)
अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग
जिला ग्रामीण खण्ड - II जयपुर

डीआईपीआर/सी/5357/2025

बकाया वेतन भुगतान को लेकर अस्थाई सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन

कार्य बहिष्कार कर जताया रोष

अजमेर. कंचन केसरी

संभाग के सबसे बड़े जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में कार्यरत अस्थाई सफाई कर्मचारियों ने गुरुवार को बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर करीब 150 अस्थाई कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर अस्पताल परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। जेएलएन अस्पताल में कार्यरत अस्थाई सफाई कर्मचारियों ने गुरुवार को कार्य बहिष्कार कर नारेबाजी कर अस्पताल प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का कहना रहा कि लंबे समय से उन्हें वेतन और एरियर का भुगतान नहीं जा रहा है, जिससे उनके परिवार के समक्ष आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस संबंध में उन्होंने अस्पताल प्रशासन को कई बार ज्ञापन देने और समस्याओं से अवगत कराने के बाद भी आज तक कोई ठोस समाधान नहीं हुआ। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने जेएलएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.अनिल सामरिया और अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे से मुलाकात कर अपनी मांगें रखीं। दोनों अधिकारियों ने उन्हें जल्द एरियर भुगतान का आश्वासन दिया, लेकिन कर्मचारियों ने कहा कि जब तक बकाया वेतन और एरियर की राशि नहीं मिल जाती, वे काम पर नहीं लौटेंगे। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि पिछले दो ठेकेदारों ने उन्हें वेतन नहीं दिया और इसके बावजूद प्रशासन की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को जल्द नहीं माना गया तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

जना स्मॉल फाइनैंस बैंक
(एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक)

पंजीकृत कार्यालय: दि फेयरवे, भू तल एवं प्रथम तल, सर्वे नंबर 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, ऑफ डोमलूर, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क से सटा, चाल्लाघट्टा, बेंगलुरू-560071 शाखा कार्यालय: जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001

ई-नीलामी सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रवर्तन अधिनियम (सरफासी ऐक्ट), 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) एवं 9 के परंतुक के तहत ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

अधोहस्ताक्षरी ने **जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, सरफासी ऐक्ट की धारा 13(4) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया है। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदारों को सूचित किया जाता है कि बैंक की बकाया राशि की वसूली के लिए निम्नवर्णित खाते में बंधक सम्पत्ति की ''**जैसी है जहां है आधार**'' तथा ''**जो है जैसी है आधार**'' पर ऑनलाइन नीलामी (ई-नीलामी) यहां नीचे निर्धारित तिथि को की जाएगी।

क्र. सं.	ऋण खाता संख्या	मूल कर्जदार/सह- कर्जदार /गारंटर का नाम	13-2 सूचना की तिथि	कब्जा की तिथि	वर्तमान बकाया राशि 28-04-2025 तक	सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय	सुरक्षित मूल्य भारतीय रूपए में	धरोहर राशि जमा (ईएमडी) भारतीय रूपए में	ई-नीलामी की तिथि एवं समय	बोली प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि, समय और स्थान
1	45929420000670 & 45929410000371	1) श्री हरीश पुत्र राजेंद्र कालरा (आवेदक), 2) श्रीमती रेखा पत्नी श्री हरीश कालरा (सह-आवेदक)	09-01-2025	09-04-2025	रुपए 7,57,135.51/- (रुपए सात लाख सत्तावन हजार एक सौ पैंतीस व इक्यावन पैसे मात्र)	21.05.2025 पूर्वा. 11:30 बजे से अप. 02:00 बजे तक	रुपए 4,95,000/- (रुपए चार लाख पिच्यानवे हजार मात्र)	रुपए 49,500/- (रुपए उनचास हजार पांच सौ मात्र)	04.06.2025 @ पूर्वा. 11:00 बजे	03-06-2025 अप. 05.00 से पूर्व जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालय पता: जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001
	सुरक्षित सम्पत्ति का विवरण: समस्त अंश व खंड: अचल संपत्ति आवासीय संपत्ति स्थित खसरा संख्या 944/820, 946/819, प्लॉट संख्या 85-ए, कान्हा रेजीडेंसी, ग्राम थेगड़ा, पटवार क्षेत्र देवली अरब, तहसील लाडपुरा, जिला कोटा, राजस्थान-324001 परिमाप 600 वर्ग फीट। श्रीमती रेखा पत्नी हरीश कालरा द्वारा स्वाधिकृत। सीमाबद्ध: पूरब: अन्य प्लॉट, पश्चिम: प्लॉट संख्या 85, उत्तर: प्लॉट संख्या 84-ए, दक्षिण: सड़क 30 फीट।									
2	45889420002975 & 45889420002502	1) श्री गोपाल लाल शर्मा पुत्र रतन लाल शर्मा (आवेदक), 2) श्रीमती दुर्गा शर्मा पत्नी श्री गोपाल लाल शर्मा (सह-आवेदक)	11-03-2024	11-09-2024	रुपए 30,93,726.15/- (रुपए तीस लाख तिरानवे हजार सात सौ छब्बीस व पंद्रह पैसे मात्र)	09.05.2025 पूर्वा. 11:30 बजे से अप. 02:00 बजे तक	रुपए 27,07,090/- (रुपए सत्ताईस लाख सात हजार नब्बे मात्र)	रुपए 2,70,709/- (रुपए दो लाख सत्तर हजार सात सौ नौ मात्र)	16.05.2025 @ पूर्वा. 11:00 बजे	15-05-2025 अप. 05.00 से पूर्व जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालय पता: जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001
	सुरक्षित सम्पत्ति का विवरण: समस्त अंश व खंड: अचल संपत्ति प्लॉट संख्या 2-सी-21, 22-बी, तिलक नगर, भीलवाड़ा, राजस्थान-311001, परिमाप 77.39 वर्ग मीटर। श्री गोपाल लाल शर्मा पुत्र रतन लाल शर्मा द्वारा स्वाधिकृत। सीमाबद्ध: पूरब: प्लॉट संख्या 02-सी-23, पश्चिम: प्लॉट संख्या 02-सी-21, 22-ए, उत्तर: सड़क, दक्षिण: प्लॉट संख्या 02-सी-49, 50									

सम्पत्तियां ''**जैसी है जहां है आधार**'' तथा ''**जो है जैसी है आधार**'' पर ई-नीलामी 'ऑनलाइन'' संचालित की जाएगी। नीलामी का संचालन बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता **मैसर्स 4 क्लोज़र** द्वारा वेबपोर्टल **https://bankauctions.in & www.foreclosureindia.com** पर किया जाएगा। अधिक जानकारी, सहायता, ई-नीलामी प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण, के लिए संभावित बोलीदाता **मैसर्स 4 क्लोज़र** से सम्पर्क कर सकते हैं; **सम्पर्क श्री उत्कर्ष अदेश, सम्पर्क नंबर: 9515160064** ई-मेल आईडी: **info@bankauctions.in / adesh@bankauctions.in**

ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए नियमों एवं शर्तों के अतिरिक्त विवरण के लिए तथा सम्पत्ति के संबंध में पूछताछ के लिए कृपया **जना स्माल फाइनैंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें श्री अनुराग शुक्ला (मो. 8090655550), श्री रंजन नाइक (मो. 6362951653), श्री पंकज अमित सिंह (मो. 9610444754)**, प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार सम्पत्तियों पर कोई ऋणभार नहीं है। तथापि इच्छुक बोलीदाता को अपनी बोली देने से पहले सम्पत्ति पर ऋणभारों तथा स्वामित्व के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच स्वयं कर लेनी चाहिए। सशर्त बोली स्वीकार नहीं की जाएगी। यह सूचना उपरोक्त नामक कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं को बंधक सम्पत्तियों हेतु अनुसूचित ई-नीलामी के बारे में नोटिस भी है। कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि उपरिवर्णित राशि का भुगतान अद्यतन ब्याज तथा अनुषंगी खर्चों के साथ नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति बेच दी जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, ब्याज एवं लागत के साथ वसूल की जाएगी।

तिथि: 02-05-2025 स्थान: राजस्थान **हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड**